Regarding need to start excavation work in the closed Dolomite mines in Chhota Udaipur Parliamentary Constituency, Gujarat-Laid

श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा (छोटा उदयपुर) **:** मैं गुजरात राज्य के अपने संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर की एक अत्यंत गंभीर एवं जनजीवन से जुड़ी समस्या की ओर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । छोटा उदयपुर जिला एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहाँ डोलोमाइट की खदानें ही प्रमुख औद्योगिक गतिविधि का आधार रही हैं । इन खदानों पर स्थानीय आदिवासी समुदाय की आजीविका प्रत्यक्ष रूप से निर्भर है । डोलोमाइट पाउडर निर्माण से जुड़ी 100 से अधिक फैक्ट्रियाँ यहाँ कार्यरत थीं, जिनके माध्यम से हजारों श्रमिकों को नियमित रोज़गार प्राप्त होता था । इन खदानों से प्रतिदिन लगभग 300 स्थानीय ट्रकों द्वारा गुजरात सहित देश के विभिन्न राज्यों में कच्चे माल की आपूर्ति की जाती थी । वर्तमान में डोलोमाइट खदानों के बंद होने के कारण इस उद्योग से जुड़े 15,000 से अधिक श्रमिक बेरोज़गार हो चुके हैं । में केंद्र सरकार से विनम्र अनुरोध करता हूँ कि सभी आवश्यक वैधानिक एवं पर्यावरणीय प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कर डोलोमाइट खदानों को पुनः प्रारंभ किया जाए, ताकि प्रभावित श्रमिकों को पुनः रोज़गार मिल सके और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियाँ फिर से सुचारु रूप से चल सकें ।